आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 15 अंक-216 • कटनी • • बुधवार, 8 सितम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष -1/2 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## मेक्सिको में 7 तीव्रता का भूकंप




भूकंप के तेज झटकों से मंगलवार रात मेक्सिको शहर कांप उठा। झटके इतने तेज थे कि दक्षिणी मेक्सिको शहर की ज्यादातर इमारतें हिलती हुईं दिखाई पड़ीं। इसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।अमेरिकी जियोलॉजिक सर्वे का कहना है कि ग्युरेरो से 11 किलोमीटर दूर अकापुल्को में 7.0 तीव्रता के झटके महसूस किए गए।

# हमारे पास कोई डिग्री नहीं फिर भी हम सरकार चला रहे

## तालिबानी राज का पहला बयान

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने अपनी अंतरिम सरकार का एलान कर दिया है। मुल्ला मुहम्मद हसन अखुंद को जहां देश का नया प्रधानमंत्री बनाया गया है, वहीं शेख मौलवी नूरल्लाह मुनीर को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। इस बीच सरकार गठन के साथ ही तालिबानी फरमान भी आने शुरू हो गए हैं जिसमें नए शिक्षा मंत्री नूरल्लाह मुनीर का विवादित बयान भी शामिल है। मुनीर ने कहा है कि आज के वक्त में पीएचडी या किसी दूसरी मास्टर डिग्री का कोई फायदा नहीं है। मुनीर ने कहा कि हमलोगों के पास कोई डिग्री नहीं है फिर भी हम सरकार चला रहे हैं। ऐसे में आज के वक्त में किसी तरह की पीएचडी या मास्टर डिग्री की जरूरत नहीं है।

### तालिबान ने शिक्षा के क्षेत्र में शुरू किया भेदभाव

बता दें कि तालिबान ने सत्ता में आने से पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव करने शुरू कर दिए थे। कॉलेज में लड़के-लड़कियों के बीच में पर्दा डाल दिया गया। कई जगहों पर लड़कियों और महिलाओं को सिर्फ बुजुर्ग या महिलाएं ही



## कश्मीर को लेकर साफ किया रूख

पढ़ा रही हैं। इसके अलावा तालिबान उन निजी कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज पर नकेल कसना शुरू कर दिया है जिसने 2001 में तालिबान के शासन के खत्म होने के बाद आधुनिक शिक्षा पर बल दिया है। तालिबान ने अपने फरमान में आगे लिखा है कि विश्वविद्यालय को अपनी सुविधाओं के अनुसार छात्राओं के लिए महिला शिक्षकों की भर्ती करने की जरूरत है। अगर ऐसा संभव नहीं है तो उन्हें ऐसे बुजुर्ग पुरुषों को नियुक्त करने की कोशिश करनी चाहिए जिनका चरित्र अच्छा हो। अफगानिस्तान में नई सरकार के गठन के साथ ही तालिबान ने कश्मीर मामले पर भी अपना रुख साफ कर दिया है।

### कश्मीर भारत और पाकिस्तान का आंतरिक मामला

तालिबान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि तालिबानी सरकार का रुख है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान का आंतरिक मामला है और हम इस मामले में बिल्कुल भी दखल नहीं देंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को ही अफगानिस्तान में तालिबान ने नई सरकार का गठन किया है लेकिन अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।



## देश में टीकाकरण सही ढंग से चल रहा- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डोर टू डोर कोविड वैक्सीनेशन की मांग पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश में टीकाकरण सही तरीके से चल रहा है, 60 फीसदी लोगों को कम से कम एक टीका लग चुका है। अदालत ने कहा कि अलग से आदेश की जरूरत नहीं है। वहीं कोरोना से हुई हर मौत को मेडिकल लापरवाही मान कर परिवार को मुआवजा देने की मांग भी सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि बड़ी संख्या में मौतें हुईं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि हर मौत मेडिकल लापरवाही का मामला है। आपको बता दें कि कुछ लोग डोर टू डोर टीकाकरण की मांग कर रहे हैं।

## मोदी केबिनेट की आज होने वाली बैठक में राहत के संकेत

# किसानों के लिए बड़ा ऐलान संभव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की अहम बैठक हो रही है। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस में दूरसंचार और टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए राहत पैकेज पर एलान हो सकता है। इतना ही नहीं, किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक में रबी फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) में बढ़ोतरी का फैसला लिया जा सकता है।



### दूरसंचार क्षेत्र के लिए राहत पैकेज संभव

केंद्र सरकार टेलीकॉम उद्योग के लिए एक लंबी अवधि के राहत पैकेज पर काम कर रही है। बता दें कि देश में कुछ टेलीकॉम कंपनियां इस समय वित्तीय संकट का सामना कर रही हैं। जानकारी के अनुसार इसमें एजीआर बकाया को फिर से परिभाषित किया जा सकता है और गैर संचार वस्तुओं को बाहर करने की योजना शामिल हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के लिए राहत पैकेज का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा भी जा चुका है। बता दें कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों में से एक भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया का भारी एजीआर बकाया है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम की घोषणा हो सकती है। सरकार ने सुस्त पड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने या पुनर्जीवित करने के लिए जुलाई में 10,680 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। सरकार इन पैसों से परिधान को बढ़ावा देने, रोजगार और निर्यात क्षमता को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का मुख्य फोकस मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) के तहत 40 प्रोडक्ट श्रेणियों और तकनीकी वस्त्रों के तहत 10 उत्पाद श्रेणियों पर होगा। पीएलआई योजना के लागू होने से ग्रीनफील्ड (नई कंपनियां स्थापित की जा रही हैं) और ब्राउनफील्ड (कंपनियां जो पहले से ही परिचालन में हैं) में निवेश को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हो रही कैबिनेट बैठक में रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाने पर भी विचार हो सकता है। सरकार मार्केटिंग सीजन 2022-23 के लिए गेहूं, बार्ले, चना, मसूर, सरसों की एमएसपी बढ़ा सकती है। रबी फसलों के मौजूदा एमएसपी पर नजर डालें तो गेहूं की एमएसपी 1975 रुपये है, बार्ले की 1600 रुपये, चना की 5100 रुपये, सरसों की 4650 रुपये और मसूर की 5100 रुपये है।



## भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के घर पर बम से हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी के सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर बुधवार सुबह जोरदार बम धमाका हुआ। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। धनखड़ ने लिखा कि पश्चिम बंगाल में प्रचंड हिंसा कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज सुबह सांसद के आवास के बाहर बम विस्फोट चिंता की बात है और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है। जानकारी के अनुसार घर पर जिस वक्त बम से हमला किया गया उस समय सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह मौजूद नहीं थे। हालांकि उनके परिवार के सदस्य उस वक्त घर पर ही थे।

## केरल-महाराष्ट्र से आने वाले यात्रियों से पूछताछ

**भोपाल।** कोरोना की तीसरी संभावित लहर से निपटने के लिए प्रशासन ने फिर से सख्ती शुरू कर दी है। राजधानी भोपाल के दोनों प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उतरने वाले यात्रियों से विशेष पूछताछ की जा रही है। मुख्य द्वार से निकलते समय जांच के लिए कहा जा रहा है। रोजाना दोनों स्टेशनों पर चार हजार से अधिक यात्रियों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके दायरा अगले सप्ताह से बढ़ा दिया जाएगा। करीब छह हजार से अधिक यात्रियों की सैंपल जांच के लिए लेंगे। रेलवे और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि खासकर महाराष्ट्र के नागपुर, मुंबई, भुसावल, पुणे और केरल से आने वाली ट्रेनों के यात्रियों के समय विशेष पूछताछ व जांच की जा रही है। हालांकि हाल-फिलहाल दोनों ही स्टेशनों पर एक भी यात्री की कोरोना जांच पॉजिटिव नहीं मिली है।



### फिर बढ़े कोरोना के आंकड़े

दो दिन की राहत के बाद बुधवार को एक बार फिर कोरोना के आंकड़ों ने डरा दिया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में 24 घंटे के अंदर 37,875 नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। जबकि मंगलवार को यह संख्या 31,222 थी। एक दिन के अंदर 6,653 मामलों की बढ़ोत्तरी से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। आंकड़ों के तहत पिछले 24 घंटे में कोरोना से 369 लोगों की मौत हो गई। जबकि, मंगलवार को यह संख्या 290 थी। वहीं बुधवार को 39,114 कोरोना मरीज ठीक होकर घर गए। यह राहत की बात है।



## रूस के एनएसए से मिले डोभाल

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान संकट के बीच देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अब से कुछ देर पहले रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से मुलाकात की। फिलहाल दोनों के बीच वार्ता जारी है। रूस और भारत पुरने मित्र देश हैं और वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर इस बैठक को काफी खास माना जा रहा है।

## करनाल में धरनास्थल पर लगे टेंट

**करनाल।** किसानों ने अब धरनास्थल पर टेंट लगाने शुरू कर दिए हैं। प्रशासन की तरफ से मांगें न माने जाने पर किसान पक्का मोर्चा लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमारी मांग मानी नहीं गई। प्रशासन ने एसडीएम की पिछली कार्रवाई का स्पष्टीकरण देने की कोशिश की है। अब हम आगे की कार्रवाई पर फैसला लेने के लिए किसानों के साथ बैठक करेंगे। हमने प्रशासन से कहा कि अधिकारी को सस्पेंड कर दो, आगे जो जांच है, वो चलती रहेगी। लेकिन वे इस बात पर भी नहीं माने। जब उनसे पूछा कि किसान शहर में आए तो



नुकसान हो सकता है, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि हो जाने दो..। जो कुछ होगा। हमें क्या पता, जो होगा उसकी जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार टकराव चाहती है। क रनाल में कल रात से हालात सामान्य रहने के बाद बुधवार सुबह किसानों ने जींद में सभी हाईवे खोल दिए। किसानों ने जींद-चंडीगढ़, हिसार-चंडीगढ़, जींद-करनाल और जींद-दिल्ली राजमार्गों को बाधित किया था। किसानों का कहना है कि जैसे ही करनाल से कोई आदेश आएगा, हरियाणा जाम कर दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार किसानों को छेड़ने की गलती न करे। फिलहाल जींद में सभी मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त है।

### क्विक अपडेट



## अक्षय कुमार की मां अरूणा का निधन, दिग्गज एक्टर पहुंचे

**मुंबई।** बुधवार की सुबह अक्षय कुमार की मां अरुणा भाटिया का निधन हो गया। वह 77 साल की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। मुंबई के जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बॉलीवुड के दिग्गज सितारे उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। रितेश देशमुख, साजिद खान, रमेश तोरानी, करन कपाड़िया जैसे सितारों को अंतिम संस्कार से लौटते वक्त स्पॉट किया गया। सुबह ही अक्षय कुमार ने अपनी मां के गुजर जाने की खबर सोशल मीडिया के जरिए दी।

## बीएसएनएल अकाउंट आफिसर के खिलाफ एफआइआर !

BSNL Connecting India

**भोपाल।** भारत संचार निगम लिमिटेड के अकाउंट आफिसर के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एफआइआर दर्ज कर ली। अकाउंट आफिसर ने वेंडरों से रिश्वत की राशि बेंगलुरु में रह रहे बेटे के बैंक खातों में डलवाई थी। बेटे को भी आरोपित बनाया गया है। जिन वेंडरों में बैंक खातों में राशि जमा कराई है, उनसे भी पूछताछ की जाएगी। मामला निलंबित अकाउंट आफिसर ओंकार प्रसाद पाल और उनके बेटे योगेश पाल पर वेंडरों के बिल पास करने के एवज में रिश्वत लेने से जुड़ा है। आरोप है कि अकाउंट आफिसर बेंगलुरु में रहने वाले बेटे के बैंक खाते में रिश्वत डलवाता था। जांच टीम को योगेश पाल के बैंक खाते में 14 लाख 19 हजार रुपये का लेनदेन मिला है। बीएसएनएल के चीफ जनरल मैनेजर जयंत राजदीन ने सीबीआइ को गड़बड़ी की शिकायत की थी। एजेंसी की जांच में पता चला है कि ओंकार बिना रिश्वत लिए वेंडरों के बिल पास नहीं करता है। ओंकार के पास योजना, स्थापना, टेलीकाम राजस्व, वित्त के अलावा फाइबर नेटवर्क का काम था। बीएसएनएल ने संदिग्ध वेंडरों की सूची भी सौंपी है। जिनसे पता लगाया जाएगा किस काम के बदले योगेश पाल के खाते में राशि जमा करवाई गई। बता दें, इस मामले में बीएसएनएल के एजीएम विभूति श्रीवास्तव की अगुआई में जांच समित गठित की गई थी। कमेटी ने रिपोर्ट विभाग को सौंपी थी।

## SC के आदेश के बाद सरकार ने कहा- अब महिलाओं को NDA में जाने की इजाजत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के माध्यम से महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ को यह जानकारी दी। पीठ एनडीए परीक्षा में महिला को भाग लेने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। एएसजी भाटी ने पीठ से कहा, एक अच्छी खबर है। सेना और सरकार के उच्चतम स्तर पर निर्णय लिया गया है कि एनडीए के माध्यम से महिलाएं सशस्त्र बलों में जा सकेंगी। भाटी ने कहा कि मंगलवार शाम को यह निर्णय लिया गया है। जिसके बाद पीठ ने एएसजी से एक हलफनामे के जरिए इस बयान को रिकॉर्ड में रखने को कहा। पीठ ने कहा, लैंगिक समानता पर उन्हें और अधिक ध्यान देना होगा। दो हफ्ते बाद इस मामले पर सुनवाई करेगी।





## राज्यपाल बेबीरानी मौर्य ने दिया इस्तीफा

**हवाना।** दउत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल के सचिव बीके संत ने इसकी पुष्टि की है। बेनीरानी मौर्य उत्तराखंड की राज्यपाल के तौर पर बीती 26 अगस्त को अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। दो दिन पहले नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात के बाद से ही उनके इस्तीफा देने की चर्चाएं तेज होने लगी थीं। उन्हें उत्तर प्रदेश बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चाएं हैं। वहीं, अब प्रदेश के नए राज्यपाल की जिम्मेदारी किसे मिलेगी इसको लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

## हम उसूलों वाले डकैत.. महिलाओं के जेवर नहीं उतरवाते



**बरेली।** यहां के नवाबगंज में बरौर गांव में सीमेंट-सरिया के कारोबारी जलीस अहमद के घर में सोमवार रात दीवार फांदकर घुसे दर्जन भर डकैत 15 लाख रुपये कैश, पांच लाख के जेवर और एक कार लूट ले गए। मंगलवार दोपहर फरीदपुर में हाईवे किनारे एक ढाबे के पास छोड़ी गई कार तो मिल गई मगर डकैतों का कोई सुराग नहीं लगा। सीमेंट-सरिया के अलावा जलीस का आरा मशीन, गुड़ और प्रापर्टी डीलिंग का भी कारोबार है। बहगुल नदी के पुल के पास अपने खेत में बने दोमंजिले मकान के ऊपरी हिस्से में उनका परिवार रहता है। नीचे सरिया-सीमेंट का गोदाम है। जलीस के मुताबिक सोमवार रात करीब 12.30 बजे 12 नकाबपोश बदमाश पीछे की दीवार पर चढ़कर घर में घुस आए। कारोबारी जलीस अहमद के घर डकैती के दौरान बदमाशों ने महिलाओं के प्रति काफी नरम और सम्मानजनक रवैया अपनाया। महिलाएं शरीर पर लाखों के जेवर पहने हुए थीं, लेकिन बदमाशों ने उन्हें छुआ तक नहीं। उल्टे डरी हुई महिलाओं को यह कहते हुए दिलासा दिया, हम उसूलों वाले हैं, औरतों के जेवर नहीं उतरवाते।




## चुनावों के लिए भाजपा प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** चुनावों के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने पांच राज्यों के चुनाव प्रभारियों की सूची जारी कर दी। 2022 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव का जिम्मा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सौंपा गया है। धर्मेंद्र प्रधान के साथ केंद्रीय मंत्रियों अनुराग सिंह ठाकुर, अर्जुन राम मेघवाल, शोभा करंदलाजे, अन्नपूर्णा देवी के अलावा पार्टी महासचिव सरोज पांडे, हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर को सह प्रभारी बनाया गया है।क्षेत्रवार छह संगठन प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। सांसद संजय भाटिया को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को बृज क्षेत्र, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सत्या कुमार को अवध क्षेत्र, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता को कानपुर क्षेत्र, राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन को गोरखपुर और उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा को काशी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## SEBI का फैसला: एक जनवरी से बदलेगा शेयर बाजार का नियम

**वेब डेस्क।** बाजार नियामक सेबी ने बड़ा एलान किया है। सेबी ने T+1 (ट्रेड+1 दिन) सेटलमेंट साइकिल पेश किया है। इसके तहत अब शेयरों में होने वाले कारोबार को एक दिन में ही सेटल कर दिया जाएगा। हालांकि यह सेटलमेंट प्लान वैकल्पिक है। अगर ट्रेडर्स चाहें तो इसे चुन सकते हैं। नया नियम एक जनवरी 2022 से लागू हो जाएगा। मौजूदा समय में देश में अप्रैल 2003 से T+2 सेटलमेंट साइकल लागू है। यानी जब आप शेयर बेचते हैं, तो वो शेयर तुरंत ब्लॉक हो जाता है और राशि आपको कारोबारी दिन के दो दिन बाद (T+2 डे) मिलती है। इससे पहले देश में T+3 सेटलमेंट साइकिल चल रहा था। सेबी के नए सर्कुलर के अनुसार, नए साल से कोई भी स्टॉक एक्सचेंज सभी शेयरधारकों के लिए किसी भी शेयर के लिए T+1 सेटलमेंट साइकिल को चुन सकता है। आसान भाषा में समझें, तो आपको शेयर बेचने पर कारोबारी दिन के एक दिन बाद ही पैसा मिल जाएगा। यह छोटा सेटलमेंट साइकल ज्यादा सुविधाजनक होगा। ऐसा




इसलिए क्योंकि इससे पैसे के रोटेशन में तेजी आएगी ध्यान रहे कि यदि स्टॉक एक्सचेंज किसी भी शेयर के लिए एक बार T+1 सेटलमेंट साइकल को चुनता है, तो उसे कम से कम छह महीने तक जारी रखना होगा और यदि स्टॉक एक्सचेंज बीच में T+2 सेटलमेंट साइकिल चुनता है, तो भी उसे एक महीना पहले नोटिस देना होगा। मालूम हो कि अगस्त 2021 की शुरुआत में ही सेबी ने इसके लिए निशेषज्ञों का एक पैनल बनाया था, जिसे T+2 के बजाय T+1 साइकल लागू करने की प्रक्रिया की मुश्किलों पर रिपोर्ट पेश करनी थी। यह फैसला मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस जैसे स्टॉक एक्सचेंज, क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन और डिपॉजिटर्स के साथ बातचीत के बाद लिया गया है। सेबी ने सनराइज एशियन लिमिटेड समेत 85 कंपनियों और व्यक्तियों पर शेयर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर शेयर प्राइस में हेराफेरी करने के चलते एक साल का बैन लगाया गया है। सनराइज पांच डायरेक्टर्स को कैपिटल मार्केट से एक साल के लिए और 79 इकाइयों को छह महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# गुरुजनों को दिया मान, बच्चों को मिला ईनाम

## कैमोर के मंगल भवन में तपस्या का गरिमामय आयोजन, बच्चों की प्रतिभा को मंच देने ऑनलाइन कराई नृत्य, गायन और फैन्सीड्रेस स्पर्धा







**कैमोर।** कैमोर के सांस्कृतिक एवं समाजसेवी संगठन तपस्या द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण समारोह भाजपा के जिला महामंत्री बरही नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सतीश तिवारी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल के मुख्य आथित्य में बीते रविवार को नगर परिषद के सामुदायिक मंगल भवन में आयोजित किया गया। समारोह में गुरुद्वारा पंजाबी सभा के सचिव गुरुदीप सिंह बेदी, नगर परिषद के प्रभारी सी एम ओ पृथ्वीराज सिंह, उद्योगपति पी डी अवस्थी, परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर ग्रोवर, प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका नेहा शर्मा, बरही के मंडल उपाध्यक्ष संतोष दिवेदी, इंटक के जनरल सेक्रेटरी पंकज पीढियां, राकेश तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

समारोह का शुभारंभ देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए हुआ। ततपश्चात तपस्या परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया। अपने स्वागत उदबोधन में तपस्या ग्रुप के संचालक मनीष नवैत ने मुख्य अतिथिए कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का परिचय उपस्थित बच्चोंए अभिवावकों एवं अन्य गणमान्य जनों से कराया गया इसी कड़ी में उन्होंने कार्यकम के बारे में भी जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से 15 अगस्त एवं जन्माष्टमी के अवसर पर तपस्या द्वारा डांसिंग, सिंगिंग एवं फैन्सीड्रेस कम्पटीशन का आयोजन ऑनलाइन बिना किसी इंट्री फीस के कराया था। दो साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों के अलग अलग ग्रुप बनाये गए थे। सभी विधाओं में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। चयनकर्ताओं ने इन स्पर्धाओं के विजेताओं का चयन भी कर लिया था। इन बच्चों को पुरुस्कार देने के लिए शिक्षक दिवस के पावन पर्व को चुना गया। आज आप सभी सम्मानीय जनों के हाथों पुरुस्कार पाकर ये बच्चे प्रोत्साहित होंगे। आगे और भी बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

### मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने की सराहना

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता पटेल ने शिक्षक दिवस पर डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए बताया कि एक शिक्षक के पद से वे राष्ट्र के सर्वोच्च पद तक पहुंचे थे। हमारे महापुरुषों ने उच्च आदर्श के साथ जीवन जिया हैएसमाज के सामने उदाहरण पेश किए हैं। बच्चों को इन महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी बच्चों और उनके अभिवावकों को शुभकामनाएं देते हुए तपस्या द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बरही के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा के नव नियुक्त जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने अपने उदबोधन में गुरु महिमा का उल्लेख करते हुए सभी गुरुजनों को नमन किया। उन्होंने ने बच्चों की प्रतिभा के विकास के लिए इस तरह के आयोजनों को जरूरी बताया साथ ही इस तरह के आयोजन लगातार करते रहने के लिए तपस्या ग्रुप की न केवल सराहना की बल्कि हर संभव सहयोग देने का वादा भी किया। गुरूद्वारा पंजाबी सभा के सचिव गुरूदीप सिंह बेदी ने भी तपस्या द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजा दुबे, रोजी चावला, गुलशन चक्रवर्ती, संत शरण सिंह की उपस्थिति रही।

### सबसे पहले गुरुजनों का सम्मान

तपस्या द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसीसी के सेवा निवृत्त वयोवृद्ध शिक्षक श्री पिढीया, खलवारा हाई स्कूल की प्राचार्या अलका श्रीवास्तव एवं एसीसी मिडिल स्कूल की प्रधानाध्यापिका नेहा शर्मा का तपस्या ग्रुप द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। गुरुजनों के अलावा समाज मे अपने श्रेष्ठ आचरण से लोगों को प्रेरित करने वाले कुछ विशिष्ट जनों का भी सम्मान उन्हें शिक्षक मानते हुए किया गया। यह सम्मान पाने वालों में एसीसी के अधिकारी शकील सिद्दीकी, अमित दुबे, भवानी राजा मिश्रा शामिल रहे। सम्मान समारोह के पश्चात विविध स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र बांटे गए। जो बच्चे विजेता नहीं बन सके उन्हें भी प्रमाण पत्र के साथ साथ सांत्वना पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।

### अस्मिता के डांस, मुस्कान के गायन ने बटोरी तालियां

सम्मान समारोह एवं पुरुस्कार वितरण के दौरान कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जिनमें मुस्कान उरमलिया ने कृष्ण भक्ति में रंगे भजन एक मीरा एक राधा की शानदार प्रस्तुति दी वहीं नन्ही मुन्नी नृत्यांगना अस्मिता वरधान ने देश भक्ति में डूबे गीत देश मेरा रंगीला पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

### टीम तपस्या ने जताया आभार

तपस्या के इस कार्यक्रम का संचालन टीम की सदस्य श्रुति शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन केनाज वाडिया ने किया। तपस्या के संचालक मनीष नवैत, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित आर्य, शंकर, समीर, अमरदीप, अनिल, विजय, राहुल, गोलू, मनोरमा, निशा विश्वकर्मा, सुनीता, स्वप्निल, शालिनी, श्रेया, रूपा, मीनू, मुस्कान आदि ने कार्यक्रम में उपस्थिति देकर इसे सफल बनाने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## स्वामी गरुड़ध्वजाचार्य की पुण्य तिथि पर सुन्दरकांड



**विजयराघवगढ़।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम में आज श्री गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय के संस्थापक बैकुण्ठ वासी स्वामी गरुडध्वजाचार्य महाराज की पुण्य तिथि के अवसर पर सुन्दर कांड पाठ, स्त्रोत पाठ, शोडशोपचार पूजन, महाआरती, मध्यान्ह महाप्रसाद मंगल भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर प्रबंधक पं जगदीश प्रसाद त्रिपाठी राजा जी, पं विनोद मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, डॉ अनिल मिश्रा, पं जागेश्वर मिश्रा, अरुण मिश्रा, लक्ष्मण यादव, सुरेन्द्र मिश्रा, रामनारायण गर्ग, जमुना गुप्ता, श्यामलाल नामदेव, राजेन्द्र गुप्ता, तारा सिंह, संतोष मिश्रा, एडवोकेट सेमुअल डेनियल, मो लईक, वेदाचार्य पं राकेश उरमलिया, आचार्य पं रामावतार त्रिपाठी, आशीष मिश्रा राजेश गर्ग सहित अन्य भक्तों की उपस्थिति रही।

## आत्मशुद्धि का पर्वराज पर्यूषण 10 से

**कटनी।** दिग.जैन समाज के दशलक्षण महापर्व (पर्युषण पर्व) आगामी 10 सितम्बर दिन शुक्रवार से प्रारंभ हो रहे है समाज के सभी लोगों ने पूर्यषण पर्व को मनाने हेतु जोरदार तैयारियां प्रारंभ कर दी है इस अवसर पर प्रतिदिन नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रातः पूजन अभिषेक दोपहर में तत्वार्थ सुत्र की वाचना जैन बोर्डिंग हाउस में परम पूज्य आचार्य श्री 108 कुल रत्न भूषण जी महाराज के परम सानिध्य में एवं रात्रि में श्रामण सांस्कृति सांगानेर राजस्थान से पधारे विद्वान पं. विनय कुमार जी शास्त्री जी के दस धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव,आर्जव,सत्य,शौच, संयम,तप त्याग अकिंचन ब्रम्हचर्य पर मांगलिक प्रवचन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। पंचायत महासभा के अध्यक्ष दादा संतोष कुमार मालगुजार, महामंत्री-प्रमोद जैन कक्का द्वारा जैन बोर्डिंग पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## तेज दर्द, चोट और पुरानी बीमारी से निजात दिलाने में कारगर फिजियोथैरेपी

### आज मनाया जा रहा वर्ल्ड फिजिकल थेरेपी डे

**कटनी।** फिजीकली चिकित्सा विज्ञान में एक ऐसा उपाय है, जो लोगों के स्वास्थ्य लाभ में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, लेकिन आज की इस भागमभाग जिंदगी में स्वास्थ्य को लेकर काफी समस्याएं लोगों में देखने और सुनने को मिलती है। चिकित्सा विज्ञान ने भी समय के साथ काफी प्रगति किया है और लोगों के मानसिक और





शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर बेहतर तरीके से कैसे ठीक किया जाए, उसमें काम किया है। 8 सितंबर के दिन दुनिया भर में कई तरह के सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, इसके बारे में लोगों को बताया जाता है, जिससे मरीजों के जीवन को बदलने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। फिजियोथैरेपिस्ट किसी तरह की चोट पर शायरी क्षमता में सुधार लाने में लोगों की मदद करता है, इसके अलावा तीव्र दर्द, चोट और पुरानी बीमारी से निजात दिलाकर शारीरिक गतिविधि में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आखिर क्या है फिजियोथैरेपी। फिजीकल थैरेपी और फिजीयाथैरिपी चिकित्सा जगत की महत्वपूर्ण प्रणाली है, इस प्रणाली में हम सामान्य तौर पर कहीं चोट पर लगने से हड्डियों में व टिशू यानी उसको में दर्द को कम करने के लिए फिजियोथैरेपी का यूज किया जाता है। किसी बीमारी या चोट लगने के कारण होने वाली शारीरिक समस्याओं में सुधार लाने के लिए किया जाने वाला किया जाने वाला है।

## केन्द्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में शिक्षक पर्व

**कटनी।** केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत के वि ओएफ कटनी में 7 सितंबर से शिक्षक पर्व का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विडियो कांफ्रेसिंग के द्वारा हुआ जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने भाग लिया। विद्यालय स्तर पर भी शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं छात्रों व समाज के प्रति शिक्षकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक पर्व का यह कार्यक्रम 7 सितंबर से 17 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न विद्वानों द्वारा शिक्षक पर्व के विभिन्न आयामों जैसे शिक्षा में नवाचार, तकनीकी प्रयोग समावेशी शिक्षा इत्यादि पर चर्चा होगी जिसका प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया जाएगा।

# किसानों व नागरिकों को दी ऋण व योजनाओं की जानकारी


### सेन्ट्रल बैंक की शाखाओं द्वारा कृषक समृद्धि अभियान की शुरूआत





**कटनी।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर क्षेत्र की सभी शाखाओं में विगत 3 सितंबर से 20 सितम्बर तक कृषक समृद्धि अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कृषि से संबंधित जरूरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं में ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। इसी संदर्भ में 5 सितम्बर को दुर्गा चौक खिरहनी के पास जिले की शाखाओं द्वारा कृषक समृद्धि अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि से जुडे विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी संदर्भित विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को दी गई। अभियान का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर क्षेत्र के मुख्य अतिथि के रूप में डीडीएम नावार्ड एम धनेश, कृषि विभाग से उप संचालक अशोक राठौर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक निशांत शर्मा, प्रबंधक दिनेश चौरे, एसडब्ल्यू ओ प्रशांत मंत्री, कटनी शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत मिश्रा, खिरहनी शाला के प्रबंधक चंदन कुमार, हरदुआ शाखा के प्रबंधक श्रीमती प्रज्ञा जायसवाल, टिकुरी शाला से प्रबंधक राजकुमार सोनी, मझगवां शाला से राकेश पाटिल, बड़वारा शाखा से आलोक रिझारिया, खिरहनी खाला से फूलचंद की उपस्थिति एवं विशेष सहयोग रहा। सभी शाखाओं के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। आयोजन में सभी शाखाओं से बड़ी संख्या में ग्राहक व एनयूएलएम से जुड़े कई महिलाओं की भी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से अरविंद दुबे, श्री खरे, विजय निषाद, सुरेन्द्र तिवारी, शिवास बर्मन इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप खरे ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों के माध्यम से इस आयोजन में लगभग 4.5 करोड़ रूपए की ऋण स्वीकृत पत्र का वितरण भी लाभार्थियों को किया गया।

## दो को मिली प्रांत में जिम्मेदारी, कीर्ति अध्यक्ष व नीतू सचिव नियुक्त







**कटनी।** भारत विकास परिषद कटनी का दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय बालाजी रेसीडेंसी में विगत दिवस सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि मंगल सिंह, सुनील कोठारी, श्रीमती मेघा पवार राष्ट्रीय मंत्री भारत विकास परिषद की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रांत अध्यक्ष जितेन्द्र जैन एवं सचिव देवेन्द्र तिवारी ने विंध्य प्रांत की सभी शाखाओं की गतिविधियों पर चर्चा की गई और कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसमें कटनी से दो सदस्यों को प्रांत में स्थान दिया गया। श्रीमती नीतू ग्रोवर को प्रांतीय संस्कृति सप्ताह प्रमुख एवं नीलेश स्वर्णकार भारत को जानो प्रतियोगिता में प्रांतीय दायित्व मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं वंदे मातरम से किया गया। भारत विकास परिषद कटनी की शाखा का गठन किया गया। जिसमें शहर के युवा समाजसेवी कीर्ति बिचपुरिया अध्यक्ष, सचिव श्रीमती नीतू लालवानी, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र लहरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार

### भारत विकास परिषद कटनी का दायित्व ग्रहण समारोह

लहरिया, उपाध्यक्ष नवीन केसरवानी, सहसचिव संजय कनकने, भारत को जानो प्रतियोगिता आशीष जैन, संस्कृति सप्ताह प्रमुख श्रीमती वंदना गेलानी, समूह गान प्रतियोगिता श्रीमती मधु गुप्ता, ग्राम विकास डॉ डी आर वर्मा एवं गुरूवंदन छात्र अभिनंदन अमित अग्रवाल, संदीप चौदहा मनोनीत किये गये। कार्यक्रम में परिषद परिवार के राकेश अग्रवाल, राजेन्द्र खण्डेलवाल, डॉ. श्रीराम पाठक, नीरज अग्रवाल, दीपक सोनी, शशांक श्रीवास्तव, नारायण अग्रवाल, प्रमोद बजाज, नवीन केसरवानी, संजय बेबू चौदहा, अमित अग्रवाल, संदीप चौदहा, अनिल लालवानी, चन्द्रचकोरी पाठक, महिमा अग्रवाल, वंदना गेलानी, स्वाति चौदहा, संजूलता चौदहा, सीमा लहरिया, माया बजाज, गौरी अग्रवाल, स्वाति चौदहा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। इसी तारतम्य में विगत 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर सचिव श्रीमती नीतू लालवानी द्वारा फर्स्ट स्टैप स्कूल में एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें परिषद परिवार एवं स्कूल के शिक्षक सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

## फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज

**पान उमरिया।** युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में एवम जिला युवा अधिकारी सुश्री कीर्तिका कुहर मैडम जी एवं लेखापाल श्री राजकुमार अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक विवेक गौतम द्वारा एवम पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक विकास गौतम के द्वाराआजादी का अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम इंडिया 2.0 की शुरुआत हुई। ग्राम पंचायत उमरियापान में दौड़ करायी गयी जिसमें गाँव के युवाओं में रविशंकर



बर्मन , अतुल पटेल, छोटू पटेल, भाईजान, संतोष यादव आदि युवाओं की उपस्थिति रही सभी युवा समाजसेवी युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फिट रहना उतना मुश्किल काम नहीं है, जितना कुछ लोगों को लगता है. थोडे से नियम व परिश्रम से हमेशा स्वस्थ रहा जा सकता है। फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज , मंत्र में सभी का स्वास्थ्य और सभी का सुख छिपा हुआ है। हर आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी । तथा देश में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर निरंतर जागरूकता में ब?ोतरी होती चली जा रही है. फिट इंडिया मूवमेंट ने अपने प्रभाव और प्रासंगिकता को कोरोना काल में सिद्ध करके दिखाया है कि वाकई में फिट रहना इतना मुश्किल काम नहीं है, जितना कुछ लोगों को लगता है। थोडे से नियम से थोडे से परिश्रम से आप हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं. फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज, इस मंत्र में सभी का स्वास्थ्य और सभी का सुख छिपा हुआ है। जब हम नियमित रूप से व्यायाम करते हैं तो खुद को फिट और मजबूत रखते हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# आक्रोशित विप्र समाज ने भरी हुंकार

### मंदिर प्रांगण में मची कब्जे की होड़, अवैध अतिक्रमण, निर्माण कार्य को 7 दिन के अंदर बेदखल करने सौंपा ज्ञापन



**बरही।** 7 दिवस के अंदर बरही के विजयनाथधाम मंदिर प्रांगण मेला परिसर में हुए सभी अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए आक्रोशित विप्र समाज बरही द्वारा एसडीएम के नाम प्रेषित तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 7 दिवस के अंदर कार्यवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, वहीं अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में ब्राहमण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापना की अनुमति दी जाए। ज्ञापन सौपेंने के पूर्व दोपहर 2 बजे स्थानीय रेस्ट हाउस में तहसील क्षेत्र के ब्राहमण समाज के सैकड़ों की तादात में लोग एकत्रित हुए, जहां से नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि मंदिर परिसर में बने सभी मंदिरों, भवनों को विजयनाथधाम ट्रस्ट के अधीन किया जाए, टपरे हटाए जाए। गौरतलब है कि विजयनाथधाम समिति की सुस्ती एवं भाई-भतीजाबाद के चलते लंबे अरसे से यहां अतिक्रमण की होड़ मची हुई है। रोक के बाद भी निर्माण कार्य करा लिए जाते हैं, वहीं पिछले 3 दिन से चले नाटक, जिसमे दो अन्य समुदाय द्वारा कब्जा जमाने से आक्रोशित ब्राह्मण समाज खुलकर मैदान में उतर आया, हालांकि कल ही तहसीलदार ने यहां किसी भी तरह का निर्माण न होने का स्थगन आदेश जारी किया है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई करता है या फिर यूं ही भगवान भोलेनाथ की भूमि को अतिक्रमणकारियों को नोचने की छूट दे दी जाएगी।



विजयनाथधाम बरही परिसर में मची कब्जे का मामला

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 08 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## एनकेजे में पूरी रात चल रहा ओव्हर ब्रिज का काम

### मशीनों के शोर से नहीं आ रही नींद, वाइब्रेशन से क्षतिग्रस्त हो रहे मकान, स्थानीय निवासियों ने दी चेतावनी, काम नहीं रूका तो होगा आंदोलन





**कटनी।** एनकेजे क्षेत्र में दिन रात चल रहे ओवर ब्रिज के काम से आम जनता परेशान हो चुकी है। मशीनों का शोर इतना तेज है कि रात भर नींद नहीं आती है। ड्रिल मशीनों के वाइब्रेशन की वजह से आसपास के मकानों की नींव तक हिल रही है, जिससे मकान छतिग्रस्त हो रहे है। जब मशीन चलती है, तो अनेकों सामग्रियां इधर उधर से खिसककर गिर जाती हैं, जिससे लोगों को नुकसान हो रहा है।

रात भर चल रही मशीनों से हृदय रोग, ब्लड प्रेशर के मरीजों को नींद ना आने से जान का खतरा बना हुआ है। एनकेजे क्षेत्र में अधिकांश रेल कर्मचारी रहते हैं, जो कि कभी रात भर ड्यूटी करते हैं तो कभी दिन में ड्यूटी करते हैं और मशीनों के तीव्र गति से हो रहे शोर से नींद नहीं आती है, जिससे वह बीमार हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता एडवोकेट व आफताब अहमद चोखे भाईजान को उक्त समस्या से अवगत कराया। वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता, आफताब अहमद चोखे भाईजान ने स्थानीय निवासी विनीत जायसवाल, आशु तिवारी, सलमान खान, आमिर खान, अंकित यादव, विजय यादव, बाबा, परवीन खान, शमसुन निशा, सुषमा चौरसिया, अनूप चौहान, राजू, रघु ठाकुर, मान सिंह ठाकुर, विकास सराठे, मनीष चौरसिया को लेकर मौके पर पहुंचकर तत्काल काम बंद कराया और मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया गया।

स्थानीय निवासियों ने रेलवे विभाग व ठेकेदारों को अवगत कराते हुए बताया कि रात भर बड़ी-बड़ी मशीनों के चलने से हो रहे शोर और ड्रिल मशीन के द्वारा पिलर के लिए किए जाने वाले गढ्ढे से होने वाले तीव्र गति के कंपन से लोगों को नींद नहीं आ रही है। कई रातों से ना सोने की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं।

घर के मुखिया रात भर ड्यूटी करते हैं और दिन में इस प्रकार शोर होता है कि उनका सो पाना मुश्किल हो जाता है। वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया गया कि कम से कम रात की पाली में 8 घंटे के लिए कार्य को पूरी तरह बंद किया जाए, जिस पर अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा रात्रिकालीन कराए जा रहे कार्य को बंद करा दिया जावेगा। अधिकारियों को मरीजों की बिगड़ती हालत से भी अवगत कराया गया। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि रात को काम नहीं बंद कराया गया तो सभी लोग मिलकर उग्र आंदोलन करते हुए कार्य बंद कराने के लिए विवश होंगे और जिसके लिए पूरी तरह शासन प्रशासन, रेल विभाग के अधिकारी व ठेकेदार जिम्मेदार होंगे।

## श्री गुरुग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर हुई अरदास, बंटा अटूट लंगर





**कैमोर।** श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर कैमोर के खलवारा बाजार स्थित श्री गुरुद्वारे में सुबह सहज पाठ का समापन हुआ। सहज पाठ श्रद्धालु अरुण भूटानी की ओर से रखा गया था। सहज पाठ के समापन पश्चात ज्ञानी मनमोहन सिंह द्वारा शबद कीर्तन की मधुर प्रस्तुति हुई। शबद कीर्तन और अरदास के बाद श्री गुरु दरबार मे अटूट लंगर वितरित किया गया। उपस्थित सभी धर्मों के लोगों ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। श्री गुरुद्वारा पंजाबी सभा के अध्यक्ष रमेश चन्द्र ग्रोवर, महामंत्री गुरुदीप सिंह बेदी, मदन खेरा, शिवराज चक्रवर्ती, अविनाश ग्रोवर, रंजीत सिंह, राजू सेठी, जगेश ग्रोवर संजय चक्रवर्ती, तिलक ग्रोवर, गुलशन चक्रवर्ती, राजेश चक्रवर्ती, कमल चक्रवर्ती, गुरुदीप कपूर, प्रदीप सिंह सेहरा आदि श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में सहयोग किया।

## तेंदुए की दहशत से बड़वाराखुर्द से भदावर मार्ग रात को बंद

### बकरी को मारा, अब इंसान की तलाश में, वन विभाग उदासीन



**कटनी।** बड़वारा तहसील व जनपद मुख्यालय के दतला जलाशय के आसपास बड़वारा खुर्द से भदावर मार्ग एवं दतला नदी के आसपास के किसान खेत जाने से डर रहे हैं। जान जाने के खतरे के कारण उन्होंने सुरक्षा हेतु कलेक्टर से गुहार लगाई है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि गत रात्रि 7 सितंबर को भदावर ग्राम पंचायत के सचिव नरेश यादव एवं विष्णु यादव को तेंदुए ने हमला करने की कोशिश की। कई राहगीरों ने अपने घर पहुंचने के लिए 10 किलोमीटर का रास्ता दूसरे मार्ग से तय किया। विगत 4 सितंबर को तब दहशत का माहौल बन गया, जब दतला नदी के झिरिया घाट मे बड़वारा खुर्द के नजदीक तेंदुआ देखे जाने की खबर मिली। तेंदुए ने 4 सितंबर को बकरी को झिरिया घाट में मार डाला एवं वहां पर उपस्थित ग्राम रूपोंद निवासी किसान रामजी यादव के ऊपर हमला किया। भदावर, बड़वारा खुर्द, लखाखेरा क्षेत्र में वर्षा कम होने के कारण जहां किसान वैसे ही परेशान है, किसी तरह बोरिंग से सिंचाई की की जा रही है, अचानक आई इस विपत्ति से किसानों एवं नागरिकों खेत मे कृषि कार्य हेतु जाने में दहशत है। तेंदुए के डर से किसान अपने खेत में जाने से घबरा रहे हैं। श्री चौहान ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में जिला वन मंडल अधिकारी को पत्र लिखकर एवं मोबाइल पर सूचना हमने दी है। लेकिन अभी तक वन विभाग को सूचना के उपरांत भी तेंदुए को पकड़ने की कार्यवाही नहीं हो पाई है, जिस कारण कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को पत्र के माध्यम से ग्रामीणों के जान.माल की सुरक्षा करने हेतु जिले से पृथक टीम बनाकर तेंदुए को पकड़ाए जाने के लिए दिशा निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

## 11 सितम्बर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

कटनी। विद्युत चोरी के प्रकरणों में समझौते का अंतिम अवसर धारा 135 एवं 126 के अंतर्गत लिटिगेषन प्रकरण में सिविल दायित्व की राषि में 20 प्रतिशत, प्री-लिटिगेशन में 30 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. शहर संभाग के क्षेत्रांतर्गत 11 सितम्बर 2021 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन झिंझरी स्थित जिला न्यायालय परिसर में किया जायेगा। जिसमें बिजली चोरी एवं बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को समझौता करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।




इस अवसर पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत् विषेष न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों में नियमानुसार राशि जमा कर समझौता किया जा सकता है। इसके अलावा धारा 126 के तहत ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ता द्वारा अपीलीय कमेटी के समक्ष आपत्ति अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, तथा प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किये गये है, इन प्रकरणों को भी प्रीलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत लोक अदोलत में समझौता कर निराकृत कराया जा सकता है। संबंधित उपभोक्ता अपने क्षेत्र के वितरण केन्द्र प्रभारी से सीधे सम्पर्क कर अपने प्रकरण में समझौता करके जुर्माना कार्यवाही जैसी अप्रिय कार्यवाही से मुक्ति पा सकते है। लोक अदालत में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू उपभोक्ता, समस्त कृषि उपभोक्ता, 5 कि.वॉ. तक के गैर घरेलू उपभोक्ता तथा 10 एच.पी. भार तक के औधोगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट की पात्रता होगी। न्यायालय में लंबित प्रकरणों में समझौता राशि जमा करने पर कम्पनी द्वारा आंकलित लिटिगेशन प्रकरण में सिविल दायित्व की राषि में 20 प्रतिशत, प्रीलिटिगेशन प्रकरण के सिविल दायित्व में 30 प्रतिशत राशि की छूट की जावेगी तथा आंकलित राशि के भुगतान में उपभोक्ता द्वारा की गई चूक पर 16 प्रतिशत वार्षिक की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जावेगी। विद्युत अधिनियम धारा 126 के तहत बनाये गये प्रकरणों का निराकरण प्री-लिटिगेशन प्रक्रिया के अंतर्गत किया जायेगा। इन प्रकरणों में समझौता राशि जमा करने पर कम्पनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत छूट तथा ब्याज राषि में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जावेगी।

## अब्दुल रज्जाक के दो और बंदूकों के लाइसेंस निरस्त

### स्वयं और भांजे के नाम से कटनी से लिए थे लाइसेंस, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने जारी किए आदेश

**कटनी।**

जबलपुर जिले के ओमती क्षेत्र निवासी अब्दुल रज्जाक के खिलाफ पुलिस ने एनएसए के तहत कार्रवाई की है। उसके घर की जांच के दौरान पाए गए हथियारों में से अधिकांश बंदूकों के लाइसेंस कटनी से जारी पाए गए थे। जिस पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने पूर्व में भी लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की थी। इसी क्रम में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी श्री मिश्रा ने रज्जाक के पास से मिली दो अन्य बंदूकों के भी कटनी से लाइसेंस जारी होना पाए जाने पर उन लाइसेंसों को निरस्त करने की कार्रवाई की है। अब्दुल रज्जाक ने खुद के नाम पर एक लाइसेंस ले रखा था, वहीं अपने भांजे रफीकउद्दीन पिता जफरूउद्दीन राकाई थाना करेली निवासी हाल निवास रज्जाक का घर रिपटा नया मोहल्ला ओमती के नाम पर एक एनपी बोर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त किया था। जबलपुर पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मिश्रा ने रज्जाक के दोनों शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करते हुये ही आदेश जारी किया है लाइसेंस निरस्त होने बाद दोनों शस्त्रों को ओमती थाना में दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इससे पूर्व भी जिले से रज्जाक के परिजनों, महिलाओं के नाम से जारी हुए शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई थी।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

आवश्यकता है
ORICAN FRAGRENT Co.(R.) को अपने BRAND- SHREY MANGLAM (R.) AGARBATTI INDORE के लिए स्टॉकिस्ट, सेल्समेन एवं हेल्पर लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें- 09936415040

## ग्राम पंचायत पहाड़ी का मुख्य मार्ग कीचड़ और दलदल में तब्दील

**कटनी।** यहां पर रहने वालों द्वारा रोड का बहुत ही बुरा हाल किया जा रहा है, पानी बहा कर रोड को खराब किया जा रहा है। इन्हीं लोगों के कारण मेन बाजार पहाड़ी की रोड की यह हालत है। गाड़ी धुलना, ट्रेक्टर धुलना और रोड को खराब करना। गौरतलब है कि पहाड़ी स्थित मेन बजार से हो कर बिचुआ रोड में लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है वाहन मालिक रोड़ पर ही अपने बाहन घंटो खड़े कर धुलाई करते है पूरा पानी रोड में जाता है जिससे रोड में कीचड़ हो जाता है। यहाँ से गुजरने वाले मोटरसाइकिल सवार राहगीरों के वाहन अनियंत्रित होकर फिसलते है जिससे रोड गंभीर दुर्घटनाऐं घटित हो रही हैं। आशीष दुबे, ब्रजनंदन पटेल, दिलीप दुबे, शुभम बर्मन, रोहित पटेल, सिद्धार्थ पांडेय, अभय सोनी, संजय उपाध्याय, शिवकुमार, कृष्णा लखेरा, राहुल बर्मन, तसलीम खान, रवि जग्गी आदि ग्रामीणजनों ने कार्यवाही की मांग की है।





## 2950 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 217 लीटर अवैध मदिरा जप्त

### आरोपियों के विरुद्ध 19 न्यायालयीन प्रकरण दर्ज

**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय और निर्माण की रोकथाम के लिये आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान जारी है। जिला आबकारी अधिकारी अनिल जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा गतदिवस सोमवार को भी बहोरीबंद और बड़वारा क्षेत्र में आबकारी दलों द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुल जिला आबकारी अधिकारी श्री जैन ने बताया कि इस कार्रवाई में सोमवार को बहोरीबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साडा, पथराड़ी पिपरिया, पटना एवं बचैया में आबकारी दलों द्वारा दबिश दी गई। इस दौरान अमले द्वारा लगभग 800 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। साथ ही 200 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब जप्त कर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध 9 न्यायालयीन प्रकरण भी मध्यप्रदेश आबाकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के तहत दर्ज कर लिये गये हैं। इस कार्रवाई में जप्त किये गये महुआ लाहन तथा मदिरा की अनुमानित कीमत 42 हजार 250 रुपये है। इसके साथ ही सोमवार को बड़वारा क्षेत्र अंतर्गत आबकारी अमले द्वारा बहिरघटा, पिपरिया कला, खिरहनी, बिचपूरा, हीरापुर, छिंदिया, मचमचा, खितौली, मेढकीपार में भी दबिश दी गई। जिसमें 2150 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 17 लीटर अवैध हाथभट्टी मदिरा आबकारी दल द्वारा जप्त किया गया है। जिसमें संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कुल 10 न्यायालयीन प्रकरण भी मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। इस कार्रवाई में जप्तशुदा लाहन तथा मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार 50 रुपये बताई गई है। दोनों ही कार्रवाई में आबकारी अमले द्वारा मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया।

## महिला मोर्चा ने शाल श्रीफल भेंट कर किया तिलक वंदन



**कैमोर।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त गुरुजनों के निवास पहुंचकर उनका अभिनंदन किया। मोर्चा अध्यक्ष शांति यादव महामंत्री ज्योति गोस्वामी, रचना चित्रकार, अर्चना कोटवानी आदि बहनों ने सेवानिवृत्त प्राचार्य केशवानंद तिवारी, रुक्मणि परोहा एवं मुन्नी देवी नवैत के निवास पहुंच कर उनका तिलक वन्दन किया तथा शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। गुरुजनों ने इस सम्मान के लिए महिला मोर्चा की सभी बहनों को आशीर्वाद दिया। महिला मोर्चा अध्यक्ष शांति यादव ने कहा गुरु ही ज्ञान का आधार है। आज हम जो कुछ भी हैं इसके पीछे गुरुजनों से मिली शिक्षा और संस्कार हैं इसीलिए न केवल शिक्षक दिवस पर बल्कि हमेशा हमारे गुरुजन हमारे लिए आदरणीय है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# हटाओ मंदिर परिसर का अतिक्रमण, नही तो होगा आंदोलन

## विजयनाथधाम मंदिर प्रांगण की भूमि में हो रहे अतिक्रमण में आया नया मोड़





**बरही।** कटनी जिले का प्रसिद्ध आस्था का धार्मिक केंद्र विजयनाथधाम शिव मंदिर प्रांगण में कब्जे की होड़ मची हुई है। अतिक्रमणकारी धर्मशाला, मंदिर निर्माण के नाम पर बेखौ़फ़ होकर अतिक्रमण करने अमादा है। रोक के बाद भी जबरिया नायाजय अधिपत्य जमाने का गंदा खेल जारी है। जी हां 2 साल पूर्व एक समाज विशेष द्वारा रातोरात मंदिर समिति के विरोध के बाद भी जनबल, धनबल एवं दबाब की राजनीति करते हुए अस्थाई मंदिर का निर्माण कर दियाए जिसके उपरांत प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद निर्माण में रोक लगी। कुछ महीने माजरा शांत रहा और इसी बीच फिर सक्रिय हुए विश्वकर्मा समाज के कुछ लोगो ने चोरी.छिपे प्लेंथ पिलर का निर्माण कर लिया। प्रशासन की मदद न मिलने से मंदिर समिति के तथाकथित मठाधीश बने पदाधिकारियों ने नाराज होकर नया परपंच रचा, एक अन्य समाज विशेष को आगे करते हुए मंदिर के प्रवेश द्वार के पहले सेन समाज के धर्मशाला के पास रविवार की दोपहर एक नया धर्मशाला निर्माण के लिए जेसीबी से गड्ढे खुदवा दिए गए। इस बात की भनक पूरे नगर में फैल गई, फिर होना क्या था गुस्सा, एक अन्य समाज के कुछ लोगो ने भी सोमवार की सुबह भूमिपूजन करते हुए अपने आराध्य देव जी के मंदिर निर्माण की कवायद करते हुए जेसीबी से पहले से खुदे गड्ढे के बगल से गड्ढे खुदवा दिए गए।

### बिगड़ी बात, पहुँची शिकायत पर स्थगन जारी

धर्मशाला मंदिर निर्माण के लिए अलग-अलग समाज द्वारा अपने-अपने आराध्य देव के नाम पर भोलेनाथ की भूमि पर कब्जा जमाने का 3 दिन से चल रहे घटनाक्रम के बाद मंदिर समिति के शिवलाल गुप्ता द्वारा की गई शिकायत व पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर तहसीलदार बरही ने मंदिर भूमि के समूचे अंशभाग में किसी भी तरह के निर्माण कार्य पर आगामी आदेश तक पावदी लगाने का आदेश दिया।

### सम्पूर्ण कब्जा हटाओ, या दो इजाजत

मंदिर की भूमि पर बेख़ौफ़हो रहे अतिक्रमण से व्यथित ब्राह्मण समाज के लोग आगे आकर मांग कर रहे है कि मंदिर परिषर, मेला परिषर में हुए सभी अतिक्रमण को हटाते हुए भोलेनाथ की भूमि को कब्जा मुक्त किया जाए। यदि कब्जा नही हटाया जाता है तो उन्हें भी उनके आराध्यदेव के मंदिर निर्माण की इजाजत दी जाए। अन्यथा मजबूर होकर आंदोलन किया जाएगा। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि मंदिर की भूमि में हुए अतिक्रमण को हटाने प्रशासन सक्रिय होता है या फ़िर यूँ ही कब्जा करने के लिए खुली छूट दे दी जाएगी।

## चांदी के जेवरातों से सजेंगे भोलेनाथ



कटनी। पुरानी बस्ती गौतम मोहल्ला स्थित शिवशक्ति मंदिर में इस वर्ष भी तीजा महोत्सव पर भगवान भोलेनाथ का चाँदी के आभूषणों से श्रंगार किया जाएगा। विशेष रूप से चाँदी का फुलहरा आकर्षण का केन्द्र रहेगा।



## बच्चों और महिलाओं को बांटे फल एवं बिस्किट

**कटनी।** जांयट्स ग्रुप ऑफ कटनी की अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव, ग्रुप सदस्य दीपिका शर्मा, आरती सोनी ने गरीब बस्ती की आंगनबाड़ी में जाकर वहां के कुपोषित बच्चे और एनीमिक महिलाओं के बीच गुड़, लाई चना, फल, बिस्किट ,दलिया, मिठाई और टोफी का वितरण किया। उन सभी को डेंगू से बचाव के उपाय बताएं। इस दौरान कल्पना दुबे, दीपाली गुप्ता और सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा।

## संस्कार भारती में धूमधाम से मना कृष्ण जन्मोत्सव

# मटकी फोड़ आयोजन के बीच आनंदोत्सव





**कटनी।** सांस्कृतिक संस्था संस्कार भारती में योग योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया । नारी शक्ति प्रमुख सुश्री मीरा भार्गव के निर्देशन और संयोजन मे अयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संरक्षक डॉ श्रीमती प्रतिमा रमन एवं संरक्षक चिंतामणि पांडेय अध्यक्ष दिनेश पांडे एवं श्रीमती हीरामणि बरसैन्याद्वारा दीपप्रज्वलन के के बाद भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप का पूजन कर उनकी आरती के साथ किया। दूसरे चरण में संस्था के ध्येय गीत का सामूहिक गान संस्था की समस्त नारी शक्ति और उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। इसके बाद राधा संगीत मण्डल द्वारा बहुत ही सुंदर बधाई गीत और भजनों द्वारा देर रात तक किया गया। सभी सदस्य भक्ति गीतों पर झूम कर नाचे और मंगल गीत गाये। डॉ रमन के निवास स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में गोकुल नगरी का दृश्य उपस्थित हो गया था और सभी गोप ग्वाले आनन्द में झूम रहे थे । आनन्द रस की वर्षा में भीगते सदस्य गणों ने दही की मटकी भी फोड़ी और आनन्द उत्सव मनाया। राधा कृष्ण की सुंदर जोड़ी को सबने खूब दुलारा और उत्सव का आनन्द लिया ।कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्रभारी श्रीमती नीतू गुप्ता नवीन गुप्ता और कान्हा रमन ने किया । इस कार्यक्रम में श्रीमती अलका सरावगी, आकांक्षा बरसैन्या, मीना खण्डेलवाल, मनोरमा पाठक, गीता पांडेय दिनेश पांडेय, नीतू गुप्ता , हीरामणि बरसैन्या, रागिनी मित्तल, अनीता सिजारिया, चिंतामणि त्रिपाठी शशी दुबे, शालिनी सोनी, छाया दुबे, अलका अग्रवाल, वीरेंद्र श्रीवास्तव, माया तिवारी, अशोक तिवारी, सुशील तिवारी, नवीन गुप्ता विष्णु अग्रवाल, राजेश खसकलम एडव्होकेट रोशनी गुप्ता, कान्हा रमन डॉ प्रतिमा रमन, चित्रा बरसैन्या तोयजा गुप्ता सुनीता नायक की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में वंदेमातरम का गान हुआ और संस्था अध्यक्ष दिनेश पांडे ने सबका आभार व्यक्त किया। अंत मे सभी स्वल्पाहार का लुत्फ उठाया और फिर प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## जिले में अब तक कुल 551.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### 6 सितम्बर को जिले में दर्ज की गई 0.7 मिमी वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 6 सितम्बर 2021 तक 551.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि में 771.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 6 सितम्बर 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 486.6 मिलीमीटर, रीठी में 502.2 मिमी, बड़वारा में 704.0 मिमी, बरही में 681.0 मिमी, विगढ़ में 643.9 मिमी, बहोरीबंद में 475.1 मिमी, स्लीमनाबाद में 370.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 577.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल 0.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत 2.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील क्षेत्र अंतर्गत 2.6 मिमी और ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में 1.0 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। शेष कटनी, रीठी, बड़वारा, स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्रों में निरंक वर्षा दर्ज हुई है।

## पात्र महिला हितग्राहियों को मिलेंगे निशुल्क गैस कनेक्शन

### 15 सितंबर तक शिविरों का किया जा रहा आयोजन

**कटनी।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसमें योजना में पात्र महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन के साथ प्रथम रिफिल व स्टोव भी निशुल्क प्रदान किया जाएगा। योजना के फेस-2 का शुभारंभ शासन द्वारा 17 सितंबर तय है जबकि प्रदेश में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गृहमंत्री भारत सरकार द्वारा 18 सितंबर को शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित किया गया है। योजना के शुभारंभ से पूर्व 15 सितंबर तक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की जानी है और इसको लेकर जिले भर में गैस एजेंसियों के सहयोग से शिविर लगाकर आवेदन जमा कराए जा रहे हैं।

### शहरी क्षेत्र में रोजाना शिविरों का आयोजन

नगर निगम सीमा क्षेत्र में गैस एजेंसियों के माध्यम से सातों दिन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कटनी गैस कटनी एजेंसी द्वारा नगर निगम उप कार्यालय जोन 04 माधवनगर व कलेक्ट्रेट परिसर में, पुरूषोत्तम गैस एजेंसी नई बस्ती द्वारा नगर निगम उप कार्यालय जोन 03 दुर्गा चौक खिरहनी व शासकीय उचित मूल्य दुकान रफी अहमद किदवई वार्ड, गुप्ता गैस एजेंसी बस स्टैंड द्वारा नगर निगम आडिटोरियम, कृषि उपज मंडी प्रांगण में, कटनी इंडेन चांडक चौक द्वारा नगर पालिक निगम कार्यालय, एनकेजे रेलवे हास्पिटल, उषा गैस एजेंसी द्वारा नगर निगम जोन आफिस 01 टीसी बजान स्कूल व पुरानी कचहरी, अशोक गैस एजेंसी बरगवां द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान हाउसिंग बोर्ड कालोनी में प्रतिदिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को यहां लगेंगे शिविर

ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 7 सितंबर को ढीमरखेड़ा विकासखंड के खंदवारा में जय मां कंकाली एजेंसी, बम्हनी गांव में मां त्रिपुर सुंदरी गैस एजेंसी, घाना गांव में सिलौंड़ी इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं विकासखंड बहोरीबंद में 7 सितंबर को पटोरी में समर्थ सेवा गैस एजेंसी, बचैया में सत्य साई एजेंसी और कौड़िया गांव में शुभ भारत ग्रामीण वितरक द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड रीठी में मंगलवार को चिखला में अनुज भारत गैस ग्रामीण वितरक, नयाखेड़ा में इंद्र भारत गैस एजेंसी, पटौहां में गोदाना इंडेन गैस एजेंसी द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड बड़वारा के कुआं गांव में अपूर्वा गैस एजेंसी बरही, हरहटा में शांति गैस एजेंसी खितौली, कांटी में चंद्रकांता गैस एजेंसी मझगवां, परसेल में विलायतकला इंडेन ग्रामीण वितरक विलायतकला, मोहनी गांव में अमिता एचपी गैस ग्रामीण वितरक छिंदहाई पिपरिया द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### योजना में इनको किया गया है शामिल

उज्जवला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की श्रेणी में एसईसीसी 2011 की सूची में शामिल महिलाओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति, जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, अन्त्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय एवं पूर्व चाय बागान जनजातियां, द्वीप व नदी द्वीप में निवासरत को भी शामिल किया गया है।

## प्रत्येक माह आयोजित हो बैठक, अधिकारियों को कलेक्टर के निर्देश



**कटनी।** जिला रोगी पशु कल्याण समिति एवं जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने समिति की गतिविधियों और कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने कहा कि यह बैठक प्रत्येक माह आयोजित करें। अपने संसाधनों को विकसित करने के निर्देश भी समिति की बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा को कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि नगर निगम एवं ग्राम पंचायतों के साथ समन्वित प्रयासों से कार्य कर समिति की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाये। बैठक के प्रारंभ में पूर्व में आयोजित बैठकों में दिये गये निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने की। इसके बाद बैठक के एजेण्डे अनुसार उन्होने प्रस्तुत प्रस्तावों को अनुमति प्रदान की। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में सड़कों पर अपने पशुओं को छोड़ने का विषय भी प्राथमिकता पर आया। इससे पशुओं के दुर्घटना ग्रस्त होने की बात भी सामने आई। इस पर समस्त एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त को ऐसे पशु पालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उन पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने और अर्थदण्ड की राशि से पशु गृह का संधारण करने में उपयोग करने की बात कलेक्टर ने बैठक में कही। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आरपीएस गहरवार, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार को हक व स्वत्व की पुस्तैनी जायदाद मौजा मुड़वारा, प.ह.नं. 42, हनुमानगंज वार्ड गर्ग चौराहा कटनी में खसरा क्र. 1000,1001 व 1002 है तथा समस्त राजस्व अभिलेखों में मेरे पक्षकार श्री मनीष पाण्डे आत्मज जी सोमनाथ पाण्डे का नाम सर्वराहकार श्रीराम जानकी मंदिर की हैसियत से दर्ज है। उक्त भूमि वर्ष 1906-07 से ही मेरे पक्षकार के पूर्वजों के नाम दर्ज रही है। मेरे पक्षकार व उनके पूर्वजों के द्वारा उक्त भूमि का अंश भाग 54x60=3240 वर्गफुट की जायदाद किसी भी व्यक्ति, संस्था को नहीं बेची गई। मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि का अंश भाग उक्त प्लाट को ऐनकेन प्रकारेण बेचने या उसे खुर्द-बुर्द करने की साजिश कुछ लोगों द्वारा की जा रही है। साथ ही उक्त खसरों की उक्त भूमि पर श्रीमती चतुरा बाई उरमलिया को वारसानों द्वारा भूमि का नामांतरण प्र.क्र. 0802/अ-6/2020-21 न्यायालय तहसीलदार कटनी द्वारा दि. 09/03/2021 को खारिज भी कर दिया गया है। मेरे पक्षकार को यह भी ज्ञात हुआ है कि उक्त लोगों के द्वारा चोरी छिपे नगर पालिक निगम कटनी से भवन भूमि पर निर्माण की कोशिश की जा रही है जिस पर भी मेरे पक्षकार में लिखित आपत्ति भवन क्र. 149,149/9 पर प्रस्तुत कर दी है। उक्त प्लाट में पूर्व में भी बेजा कब्जा माना गया है। (पावती क्र. 4.3.60017-178 दि. 06/01/2021) अतएव इस आम सूचना के माध्यम से आम जनता, वित्तीय संस्था, नगर पालिक निगम कटनी, नगर विकास निकाय आदि कोई भी उक्त खसरा नंबरों के उक्त प्लाट 3240 वर्गफुट के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार या खरीदी बिक्री, रहननामा आदि न करें अन्यथा वह व्यक्ति या संस्था या निकाय स्वयं जिम्मेदार होंगे और उन्हे उक्त जायदाद पर कोई भी स्वामित्व प्राप्त नहीं होगा

कटनी दिनांक 06.09.2021

भवदीय राकेश द्विवेदी (एड) कार्या. जालपा देवी वार्ड, कटनी मो. 9425153425

## कच्चे मकान में हो रही थी परेशानी, अब मिला पक्का मकान

**कटनी।** इंदिरा ज्योति कॉलोनी निवासी ममता विश्वकर्मा और उनका परिवार इन दिनों काफी खुश नजर आ रहा है। ममता की खुशी के विषय में जब जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि पहले उनका कच्चा मकान था। बहुत परेशानी होती थी और हर साल उसमें सुधार कार्य कराना पड़ता था। कच्चे मकान की जगह पर पक्का मकान हो, उनके पूरे परिवार की यही इच्छा थी। नगर निगम के माध्यम से जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया था तो उनको उम्मीद बंधी की अब उनके परिवार का सपना जल्द पूरा होगा। ममता ने कहा कि जैसे-जैसे आवास की किश्त मिलती गईं और उनका पक्का आशियाना तैयार होता गया, वैसे-वैसे उनकी खुशी बढ़ती गई। ममता व उनके परिजनों को नगर निगम के आयोजित कार्यक्रम में पीएम आवास की चाबी सौंपी गई थी। ममता ने जब अपने घर में प्रवेश किया तो उनका चेहरा खुशियों से भरा था, इस बीच उन्होंने कहा कि अब हम भी अपने पक्के मकान में रहेंगे और उसे अपने हिसाब से संवारेंगे। ममता ने परिवार को मिली खुशियों के बीच कहा कि मोदी जी का धन्यवाद।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु आवेदन 13 तक

### जिले के कृषक निर्धारित तिथि तक कर सकते हैं आवेदन प्रस्तुत

**कटनी।**

उप संचालक किसान कल्याण ए.के. राठौर ने बताया कि वर्ष 2021-22 के लिये कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। पोर्टल पर निर्धारित कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिये जिले के कृषक 13 सितम्बर 2021 तक पोर्टल ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्य के विरुद्ध 14 सितम्बर को लॉटरी की प्रक्रिया के तहत चयन की प्रक्रिया आयोजित होगी। जिसके बाद लॉटरी में चयनित कृषकों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची दोपहर 3 बजे तक पोर्टल में प्रदर्शित कर दी जायेगा। कृषि यंत्रों के अनुदान के लिये कृषक अपने ऑनलाईन आवेदन निर्धारित यंत्रों के लिये ही कर सकेंगे। इन यंत्रों में स्वचलित रीपर, रीपर, मल्टीक्रॉप थ्रेशर, एक्सियल फ्लो पैडी थ्रेशर, पॉवर स्प्रेयर या बूम स्प्रेरयर (ट्रैक्टर चलित), विनोविंग फैन (ट्रैक्टर या मोटर ऑपरेटेड) यंत्रों पर अनुदान के लिये आवेदन ऑनलाईन किये जा सकते हैं।

## बहुप्रतीक्षित कमोन्नति सूची जारी होने से शिक्षकों में हर्ष-शिक्षक संघ

**कटनी।**

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया गया है। प्रभारी मंत्री के हस्तक्षेप तथा कलेक्टर के निर्देश पर आदेश प्रसारित किये गये। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के गणेश शंकर गर्ग, एस. के. सिंह सोलंकी, प्रमोद दुबे, आर. के. शर्मा, डॉ. दिलीप त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, सुरेश पाण्डे, ए. पी. उपाध्याय, परसराम पटेल, दिलीप पयासी, प्रमोद पयासी, जे. एल. विश्वकर्मा, ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कार्यालय दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड, कटनी
### नगरपालिक निगम, कटनी, म.प्र.
(CIN: 60200MP2017SGC043593)

क्रमांक/2670/परिवहन/2021 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक 31/08/2021

दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड कटनी द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय बस सेवा संचालन हेतु निविदा जारी की जा रही है जो ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। समस्त शर्तें व जानकारी [illegible] के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Selection of Bus Operator for Bus Transport System in Katni City on Cluster Basis of MP on Operate and Maintain Basis under DKCBSL Nagar Palik Nigam Katni (1) क्लस्टर A-कुल 6 बसें, क्लस्टर B-कुल 7 बसें, क्लस्टर C- कुल 7 बसें (दस प्रकार मिडी) एवं मिनी | 10000.00 | 400000 | 07 वर्ष |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है - (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 07/09/2021 को सायंकाल 5:30 से। (2) प्री बिड मीटिंग की तिथि 20/09/2021 को दोपहर 11:30 बजे से। (3) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 7/10/2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (4) बिड जमा करने अंतिम तिथि 07/10/2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (5) बिड खोलने की तिथि 11/10/2021 को प्रातः 11:00 बजे से

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, कटनी
दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड, कटनी

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## संक्षिप्त समाचार

### जेठ पर मामला दर्ज

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोदाना सलैया में एक व्यक्ति ने बहु के साथ मारपीट की है। थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि घस्सी बाई लोधी ने शिकायत की है कि जेठ कमलेश लोधी ने जमीनी विवाद पर मारपीट की है। घस्सी की जमीन पर पिलर बना रहा था। चोट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### 4 लीटर शराब जप्त

**कटनी।** रीठी पुलिस ने मंगलवार को 4 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की है। थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि ग्राम देवरीखुर्द में भुजबल यादव के पास से शराब जप्त की है।

### पटवारी से अभद्रता करने वाला आरोपी गया जेल

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटमा में पटवारी से अभद्रता का मामले में आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि कौशल सोनी नाम का युवक पटवारी से अभद्रता करते हुए नक्शा लेकर फरार हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### मौत के लिए उकसाने वाला पति पहुंचा जेल

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र निवासी एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि राजनंदनी कोल निवासी जारारोड़ा दफाई 15 जुलाई 21 को आग से जलने के कारण मौत हो गई थी। रईस कोल पर धारा 306, 498 का प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पति व ससुर पर मामला दर्ज

**कटनी।** एक महिला की शिकायत पर पति व ससुर के खिलाफ बरही पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि नूर जहां ने शिकायत की थी कि पति शेख आरून, ससुर शेख अहसान महिला को परेशान कर रहे थे। शिकायत पर धारा 294, 323, 506, 498ए, 34 का प्रकरण दर्ज किया है।

**दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया रेल संरक्षा आयुक्त ने, बढ़ेगी गाड़ियों की रफ्तार, पमरे में अब तक 88 किमी डबल और ट्रिपल ट्रेक का निर्माण**

# कटनी-सिंगरौली रेलखंड में 121 किमी की रफ्तार से दौड़ा इंजन







**कटनी।** पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर देवराग्राम से मझौली स्टेशन के मध्य 8.278 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य का कल रेल सरंक्षा आयुक्त मध्य वृत द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एवं जबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और इंजीनियरिंग, परिचालन, इलेक्टिंकल, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित इरकॉन के अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान रेल सरंक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर सरंक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओएचई लाइन, सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को गहनता से देखा। देवराग्राम से मझौली के मध्य रेलखण्ड पर 4 घुमावदार कर्व एवं 2 बड़े ब्रिज, 6 छोटे ब्रिज और 4 सीमित ऊंचाई सबवे आरयूबी का निर्माण कार्य किया गया है। इस रेलखण्ड पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान देवराग्राम से मझौली के मध्य दोहरीकरण लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन से 121 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया। पमरे ने इस वर्ष 2021-22 में दोहरीकरण एवं तिहरीकरण का कुल 88 किमी का कार्य पूर्ण किया है। कटनी से सिंगरौली दोहरीकरण का कार्य में न्यू कटनी जंक्शन से कटंगिखुर्द तक 8 किमी एवं देवराग्राम से मझौली तक 8 किमी कुल 16 किमी का कार्य पूर्ण किया गया। कटनी से बीना तिहरीकरण का कार्य में हरदुआ से रीठी 15 किमी एवं मालखेड़ी से खुरई 18 किमी तक कुल 33 किमी का कार्य पूर्ण किया गया। बीना से कोटा दोहरीकरण के कार्य में अशोकनगर से ओर 13 किमी एवं भौरां से बिजोरा 26 किमी तक कुल 39 किमी का कार्य पूर्ण किया गया। सतना-रीवा रेलखण्ड पर कैमा से सकरिया के मध्य 6 किमी के दोहरीकरण के कार्य को रेल सरंक्षा आयुक्त द्वारा आज 8 सितंबर को निरीक्षण किया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता एवं स्पीड ट्रायल पर रेल संरक्षा आयुक्त ने संतुष्टि व्यक्त की। इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा। दोहरीकरण होने से गाड़ियों की रफ्तार बढ़ेगी और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा।

# ढाबा में मारपीट करने वाले आरक्षक निलंबित

**आरक्षकों के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश जारी**

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत देवरीफाटक में आरक्षक आशुतोष यादव, आरक्षक सतीश सिंह ने राय ढाबा में रात में विवाद करते हुए ढाबा संचालक, पुत्र व कर्मचारी से मारपीट की थी। इस मामले में एसपी ने कड़ी कार्रवाई की है। एक दिन पहले जहां दोनों आरक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया तो वहीं दूसरे दिन दोनों ही आरक्षकों को एसपी ने निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि आरक्षकों ने देवरीफाटक निवासी 47 वर्षीय जितेंद्र राय उसके 17 वर्षीय पुत्र आयुष राय व कर्मचारी कैलाश लखेर के साथ मारपीट की है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि आरक्षकों की शिकायत पर ढाबा संचालक सहित अन्य खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जिन-जिन लोगों ने मारपीट की है। बता दें कि आरक्षकों द्वारा ढाबा में की गई दबंगई को यशभारत ने प्रमुखता से उजागर किया, जिसके बाद एसपी ने मामले को संज्ञान में लिया है।

**इनका कहना है**

रात में ढाबा में इस तरह की घटना कारित कर पुलिस की छवि को धूमिल करने वाले दोनों आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच अभी जारी है। आरक्षकों के साथ मारपीट करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी।

**- सुनील कुमार जैन,** पुलिस अधीक्षक




# बिना नंबर की बाइक में गांजा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**एक लाख रूपए कीमती 9 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद, वाहन चेकिंग के दौरान बड़वारा पुलिस को मिली सफला**

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की मोटर सायकल में प्रतिबंधित गांजा की तस्करी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लगभग एक लाख रूपए कीमती 9 किलो 200 ग्राम प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि नवागत पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार द्धारा सभी राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियो को मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुड्डी मेन रोड तिराहा में वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को बिना नंबर की मोटर साइकिल से आते देखा। जिनका मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान करने रोक कर नाम पता पूछने पर अपना नाम अनुज पटेल पिता रामकृपाल पटेल उम्र 32 साल तथा नित्यानंद पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 22 साल दोनों निवासी हरतला थाना बरही बताये। उसी दौरान दोनों युवकों के बीच मे गाड़ी की सीट में रखे हरे रंग के बोरा जिसके अंदर से गांजा जैसी महक आने पर पूछताछ करने पर दोनों की गतिविधियां संदेहास्पद दिखने पर दोनों युवकों और बोरा की तलाशी ली गयी। जिसमे मादक पदार्थ गांजा मिला जो तौल करने पर 9 किलो 200 ग्राम गांजा होना पाया गया। दोनों आरोपियों से 9 किलो 200 ग्राम गांजा मादक पदार्थ एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल के जप्त करते हुये दोनों आरोपियें के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त गांजा कहाॅ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी उनि अंकित मिश्रा, सउनि रामनरेश पाठक, प्रधान आरक्षक रघुवीर सिंह, लालजी यादव, नितिन जायसवाल, आरक्षक राजकुमार, संतोष यादव, अभय यादव की भूमिका रही।

### ढीमरखेड़ा में भी पकड़ाया गांजा तस्कर

उधर ढीमरखेडा पुलिस ने भी गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कटरा का रहने वाला 22 वर्षीय राकेश सिंह गांजा की तस्करी कर रहा है। सूचना पर टीम ने दबिश दी। आरोपी झिन्ना पिपरिया की ओर से ढीमरखेड़ा की ओर आ रहा था। रास्ते में पुलिस ने नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगाए जिसे पुलिस ने दबोचा। तलाश के दौरान आरोपी के पास से 3 किला 200 ग्राम पदार्थ गांजा पाया गया। जिसे थाना लाया गया। बाद में न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में टीमरखेडा थाना प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक शेखर दुबे, निरीक्षक अर्चना सिंह, कार्यवाहक उपनिरी विष्णुशंकर जायसवाल, आरक्षक धनेंद्र सिंह, मनीषा पांडेय, पंकज, अजय धुर्वे आदि की भूमिका रही।

# बुआ के यहां मिली घर से लापता किशोरी

**कटनी।** 5 दिन पूर्व अचानक घर से लापता किशोरी अपनी बुआ के घर में थी। रीठी पुलिस ने नाबालिग अपहर्ता बालिका को दस्तयाब किया है। थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया कि 1 सितम्बर को थाना रीठी क्षेत्र निवासी एक परिवार ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनकी नाबालिक बेटी 28 अगस्त से घर से नल मे नहाने को जाने कहकर गई थी जो वापस घर नहीं पहुंची। पुलिस ने धारा 363 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। बालिका की तलाश शुरू की। पता चला कि बालिका अपनी बुआ के यहां ग्राम पवई देवरी चली गई थी। पीड़ित पिता व मां को थाना बुलाकर बालिका को पुलिस ने सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले में थाना प्रभारी रीठी सतीश तिवारी, सउनि रमाकांत दुबे, प्रआर जयचंद उइके को पुरस्कृत करने घोषणा की है।

# विजयराघवगढ़ की कठने नदी से युवक की लाश बरामद

**गले व पैर में बंधी है तार, हत्या का संदेह**

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया स्थित दतला हार में कठने नदी में एक 32 वर्षीय युवक की सड़ी गली लाश बरामद की गई है। युवक के गले व पैर में तार बंधी होने के कारण उसकी हत्या कर लाश नदी में फेंकने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के मुताबिक लाश की पहचान ग्राम रोहनिया निवासी 32 वर्षीय शिवा पिता स्वर्गीय रम्मू गौंटिया के रूप में कर ली गई है।

शिवा के गले व पैर तार से बंधे हुए थे। जिसके कारण उसकी हत्या किए जाने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच आगें बढ़ाने पुलिस को पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

# शातिर अपराधियों से 315 बोर के दो कट्टे मिले

**आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने की फिराक में थे आरोपी, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**

**कटनी।** अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं आने वाले त्योहारों पर विशेष रूप से अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 2 युवकों को कट्टा सहित घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से दो 315 बोर के देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद कर मामला दर्ज करते हुए न्यायालय पेश किया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि मंगलवार को थाना कोतवाली में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नालंदा स्कूल सिविल लाइन के पास दो लड़के अवैध रूप से अपने कब्जे में हथियार रखे हुए हैं। मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह द्वारा टीम बनाकर मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर रवाना हुए। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के लिए उनि धनंजय पाण्डे एवं सउनि बहादुर सिंह को भी उक्त संबंध में सूचना दी गई कि नालंदा स्कूल वाली गली से दो लड़के उम्र करीब 20-25 साल के निकले हैं। पुलिस ने जाल बिछाया और पुलिस की गाड़ी को आता देखकर आरोपी युवक गायत्री नगर पुलिया की तरफ भागने लगे। दोनों लड़के गायत्री नगर पुलिया के पास से रोड छोड़कर रेल्वे लाईन की तरफ भाग रहे थे, जिन्हें घेराबंदी कर स्टॉफ की मदद से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक बरगवां निवासी 20 वर्षीय दीपू उर्फ दीपक सेन और आजाद चौक निवासी 28 वर्षीय तौसीब उर्फ निक्की हनीफ खान की मौके पर ही तलाशी ली गई। दोनों के पास 315 बोर का देशी कट्टा जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। एक आरोपी तौसीब उर्फ निक्की के विरूद्ध कोतवाली में पूर्व से 7 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। दोनों आरोपियों से अवैध शस्त्रों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस कार्यावाही में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उनि धनजय पाण्डे, कार्य सउनि बहादुर सिंह, सउनि कप्तान सिंह, प्रआर मुकेश पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र तिवारी आदि की भूमिका रही।


**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**सिटी मॉल बरही रोड में**




राजनेता जयललिता के जीवन पर आधारित फिल्म


रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

**थलाइवी** (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**सिटी मॉल बरही रोड में**




हालीवुड की हॉरर फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- एनेबल वॉलिस, जेक एबेल, जार्ज यंग, मेडी हसन आदि।

**MALIGNANT** (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

AVAILABLE FACILITIES

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | City Pride Cinema | Food Junction | GRAND MERIDIAN | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)